PPI व्यापारिक लेन-देन पर विनिमय शुल्क

हाल ही में भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (National Payment Corporation of India-NPCI) ने स्पष्ट किया कि **बैंक खाते से बैंक खाता आधारित** UPI भुगतानों के लिये कोई शुल्क नहीं लगेगा।

- NPCI के अनुसार, **2,000 रुपए से अधिक के PPI साधनों के माध्यम से किये गए UPI लेन-देन पर 1.1% का विनिमय शुल्क लिया जाता है, जबकि ग्राहकों से कोई शुल्क नहीं** लिया जाता है।
  - साथ ही NPCI ने **प्रीपेड भुगतान साधन (Prepaid Payment Instruments- PPI) वॉलेट को अंतर-संचालनीय UPI इकोसिस्टम का हिस्सा बनने की अनुमति दी है।**

प्रीपेड भुगतान साधन:

- भारतीय रिज़र्व बैंक **PPI को भुगतान के साधन के रूप में परिभाषित करता है जो वस्तुओं और सेवाओं की खरीद की सुविधा प्रदान करता है,** इसमें धन के अंतरण, वित्तीय सेवाओं तथा प्रेषण का उपयोग किया जाता है, जो कि उपकरण में संग्रहीत मूल्य के बदले में होता है।
  - PPI **भुगतान वॉलेट (जैसे पेटीएम वॉलेट, अमेज़न पे वॉलेट, फोनपे वॉलेट आदि), स्मार्ट कार्ड, मोबाइल वॉलेट** , चुंबकीय चिप, वाउचर आदि के रूप में होते हैं। नियमों के अनुसार, **बैंक** और **NBFC प्रीपेड भुगतान साधन (PPI)** जारी कर सकते हैं।

भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम:

- **परिचय:**
  - NPCI भारत में **सभी खुदरा भुगतान प्रणालियों के लिये एक एकीकृत संगठन है।** इसका प्राथमिक उद्देश्य भारत में **सुरक्षित और कुशल खुदरा भुगतान प्रणाली प्रदान करना है।**
  - इसका उद्देश्य देश में डिजिटल भुगतान और वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करना है।
- **स्थापना:**
  - NPCI की स्थापना वर्ष 2008 में भारतीय रिज़र्व बैंक (Reserve Bank of India- RBI) और भारतीय बैंक संघ (Indian Banks' Association- IBA) के मार्गदर्शन तथा समर्थन के तहत की गई थी।
- **स्वामित्व:**
  - NPCI एक गैर-लाभकारी कंपनी है और इसका स्वामित्व भारत में प्रमुख बैंकों के एक **संघ द्वारा साझा किया जाता है।**
- **वस्तु एवं सेवाएँ:**
  - यह **एकीकृत भुगतान इंटरफेस** (UPI), राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिक फंड ट्रांसफर (NEFT), **तत्काल भुगतान सेवा** (IMPS), **भारत बिल भुगतान प्रणाली** (BBPS), रुपे कार्ड और अन्य सहित उत्पादों एवं सेवाओं की एक शृंखला प्रदान करता है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. निम्नलिखित में से कौन भारत के सभी ATMs को जोड़ता है? (2018)

(a) भारतीय बैंक एसोसिएशन
(b) राष्ट्रीय प्रतिभूति निक्षेप लिमिटेड (नेशनल सिक्योरिटीज़ डिपाज़िटरी लिमिटेड)
(c) भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (नेशनल पेमेंट्स कोर्पोरेशन ऑफ इंडिया)
(d) भारतीय रिज़र्व बैंक

उत्तर: (c)

प्रश्न. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये: (2017)

1. भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (NPCI) देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में मदद करता है।

2. NPCI ने कार्ड भुगतान योजना रुपे की शुरुआत की है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

(a) केवल 1
(b) केवल 2
(c) 1 और 2 दोनों
(d) न तो 1 और न ही 2

उत्तर: (C)

सरोत: इंडियन एक्सप्रेस

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/interchange-charge-on-ppi-merchant-transactions